‘आइडिया वॉल’

चर्चा में क्यों?

27 अगस्त, 2021 को **राज्यपाल कलराज मिश्रि** ने **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशकि लोक संपर्क ब्यूरो द्वारा** [आज़ादी के अमृत महोत्सव](#) **के अंतर्गत निर्मिति ‘आइडिया वॉल’** पर हस्ताक्षर किये। इस दौरान उन्होंने संवैधानिक मूल्यों के प्रति संकल्पति रहते हुए सशक्त, संपन्न और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

प्रमुख बिंदु

- आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रादेशकि लोक संपर्क ब्यूरो द्वारा **‘आइडिया वॉल’** निर्मिति किये जाने के साथ ही आज़ादी आंदोलन से जुड़े सेनानियों और घटनाओं पर केंद्रति **15 स्टैंड मिनी मोबाइल प्रदर्शनी** की पहल की गई।
- **‘आइडिया वॉल’** पर प्रदेश के 75 गणमान्य व्यक्तियों द्वारा नए भारत के निर्माण के लिये विचार और सुझाव लिखे जाने की राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्रि ने शुरुआत की।
- प्रादेशकि लोक संपर्क ब्यूरो की निदेशक ऋतु शुक्ला और अपर महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने इस अवसर पर बताया कि **आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ‘आइडिया वॉल’ पर गणमान्य व्यक्तियों के विचार और सुझाव एकत्र कर 75 चुनिंदा सुझाव सूचना और प्रसारण मंत्रालय को भेजे जाएंगे**।
- इसी के साथ राज्यपाल ने **कोरोना वैक्सीन** के बारे में जागरूकता के उद्देश्य से राजभवन से मोबाइल एक्जीवेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- गौरतलब है कि झालावाड़ तथा जयपुर से श्रीगंगानगर मार्ग पर 30-30 दिवस के लिये चलाई जा रही मोबाइल वैन द्वारा जयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर तथा बीकानेर संभाग के लगभग 200 स्थानों पर प्रचार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन वाहनों में आज़ादी का अमृत महोत्सव पर एक 15 स्टैंड की मिनी प्रदर्शनी भी ले जाई जा रही है, जो स्थान-स्थान पर आम जन के लिये प्रदर्शित की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/idea-wall